तमिलनाडु पुलिस ने मेजबान कोठी को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

नवभारत न्यूज

कोठी 15 जनवरी। आज पहला सेमीफाइनल मुकाबला 11 बजे से बेंगलुरु एवं कोरबा, दूसरा सेमीफाइनल बालाघाट एवं चेन्नई के मध्य 1 बजे से कोठी । अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह खेल मैदान कोठी में जारी 44 वीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता के पांचवें दिन तीन मैच खेले गए। जिसमें दो मैत्री मैच रहे, वहीं तीसरा मैच क्वार्टर फाइनल मुकाबला जैसा खेला गया ।

5 वें दिन का पहला मैच बालाघाट एवं कोरबा की टीम के मध्य खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर खेल समाप्ति तक एक-एक के बराबरी पर रहे, जिससे दोनों ही टीमों को एक-एक अंक दिए गए इनके परिणाम का असर भी कुछ होना नहीं था पहले से ही ग्रुप ए में रही दोनों टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं जो ग्रुप बी की अलग-अलग टीमों से भिड़ेगी वहीं दूसरा मैच बेंगलुरु एवं जिला फुटबाल संघ सतना के मध्य खेला गया जिसमें एकतरफा खेल का प्रदर्शन करते हुए 7 - 1 के स्कोर से बेंगलुरु की टीम विजयी रही और लगातार तीन मैच जीत कर ग्रुप बी में शीर्ष पर रही सतना की टीम पहले ही प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी थी।

आज का तीसरा मैच क्वार्टर फाइनल मुकाबला के जैसा दोपहर 3 बजे से खेला गया जो मेजबान रणमत क्लब कोठी एवं तमिलनाडु पुलिस चेन्नई के मध्य खेला गया जो बेहद ही रोमांचक रहा जिसमें तमिलनाडु की पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया । मैच की शुरुआत के कुछ ही मिनट में तमिलनाडु पुलिस के जर्सी नंबर 19 खिलाड़ी ने गोल मारकर अपनी टीम को 1 गोल की बढ़त दिला दी और मध्य अवकाश की कुछ समय पहले तमिलनाडु पुलिस के जर्सी नंबर 7 गणेश ने एक शानदार गोलमार कर अपनी टीम की बढ़त को 2 - 0 कर दिया जो मध्य अवकाश के खेल के बाद खेल समाप्ति तक कायम रही। हालांकि मेजबान रणमत क्लब कोठी की टीम को भी कई मौके गोल करने के लिए मिले परंतु उनका सार्ट सलेक्शन सही नहीं रहा और और मिले मौकों को नहीं भुना सके शेष काम गोलकीपर ने कर दिया और मेजवान कोठी की टीम को दो गोल से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया और चौथी टीम के रूप में ग्रुप बी से दूसरे नंबर पर रहते हुए सेमीफाइनल के लिए प्रवेश किया।

इस दौरान आज के मुख्य अतिथि युवक कांग्रेस विधानसभा के अध्यक्ष शुभम समदरिया ,धीरेंद्र सिंह जनपद सदस्य के साथ-साथ तीसरे मैच के आयोजन में मुख्य रूप से अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह एवं उनकी टीम के सभी पदाधिकारी सहेंद्र सिंह उमेश सिंह अजय विश्वकर्मा शैलेंद्र सिंह बृजेश गर्ग रिंकू गौतम एवं विश्वविद्यालय रीवा फुटबॉल टीम के कप्तान रहे एवं रणमत क्लब के खिलाड़ी बृजेंद्र मिश्रा मौजूद रहे। जिनका आयोजन समिति ने माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल में किक मारकर मैच प्रारंभ की परंपरा निभाई। मैच में मुख्य निर्णायक विवेक कुमार आर्यन सिसोदिया ,रमेश शाह, रजनीश यादव एवं सीरिल कलिस्टो रहे आंखों देखा हाल कमलेश पाठक आयुष सोनी धीरेंद्र त्रिपाठी एवं धर्मेंद्र सोनी ने सुनाया वही दर्शक दीर्घा में सुशील त्रिपाठी प्रकाश मिश्रा गणेश गुप्ता राजकुमार श्रीवास्तव पन्नू सिंह देवेंद्र कुमार केवट अशोक मिश्रा शंकर गुप्ता मनोज सेन लालू प्रसाद सेन तीरथ प्रसाद कुशवाहा सहित आयोजन समिति के दयाशंकर मिश्रौलिया हाजी मोहम्मद इकराम संजीव सिंह पिंकू राम प्रकाश शर्मा अवधेश सिंह धनंजय सिंह जयवंत सिंह विकास सिंह सतेंद्र सिंह रामकेश शर्मा दीपेंद्र सिंह यादव सिंह भैया अमर गुप्ता प्रवीण सोनी पीयूष अग्रवाल काजू अग्रवाल मोहित सिंह रोहित सिंह हरीश भाई अभिषेक पाठक धर्मेंद्र गुप्ता अजय सिंह बारिश बारिश शुभम वर्मा मोहित गुप्ता चेतना तिवारी नेशनल फुटबॉल प्लेयर ,श्रेया सिंह ,अनुज सिंह,एवं गोपाल सिंह के साथ-साथ मैदान के चारों तरफ हजारों हजार की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का जमकर हौंसला अफजाई की एवं नगद राशि देकर पुरस्करित किया सेमी फाइनल मुकाबला में आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमिकाओं से समय से पहुंचने की अपील की है ।

शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल मैच सुबह 11 बजे से कोरबा एवं बेंगलुरु , दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बालाघाट एवं तमिलनाडु पुलिस चेन्नई की टीम के मध्य दोपहर 1 बजे से खेला जाएगा।

मझगवां रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड गंदगी से पटे

नवभारत न्यूज

मझगवां 15 जनवरी। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन को शहर का आईना कहा जाता है, क्योंकि बाहर से आने जाने वाले लोग बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन को देखकर ही शहर की स्वच्छता और व्यवस्था का मूल्यांकन करते हैं।

मझगवां में इन दोनों ही जगह की हालत बहुत खराब है-मझगवां रेलवे स्टेशन सहित स्टेशन के आस पास का एरिया तो पियक्कड़ों का अड्डा बना हुआ है। रात्रि के समय यहां के प्रतीक्षालय में सभ्य व्यक्तियों को जाने में डर लगता है, क्योंकि इस समय यहां आसामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। गांजा शराब आदि की पार्टियां चलती रहती हैं। उन्हें ना रेलवे पुलिस का डर है और ना रेलवे पुलिस प्रशासन को कोई फिक्र है।

पियक्कड़ों के लिए सेफ जोन बनता जा रहा मझगवां स्टेशन-मझगवां का स्टेशन परिसर शराबियों का अड्डा बन गया है। यहां पर शराब की खाली बोतलें और गंदगी बिखरी रहती है, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ऐसे शराबियों को रोकने में पूरी तरह से विफल है यही वजह है की जिले का मझगवां स्टेशन अब पियक्कड़ों के लिए सेफ जोन बना हुआ है।

आरपीएफ चौकी फिर भी नहीं होती कार्यवाही-कहने को तो मझगवां रेलवे स्टेशन मे RPF चौकी है जिनके ऊपर स्टेशन परिसर में असामाजिक तत्वों को हटाना और जाम छलकाने वालों पर कार्यवाही करने की जिम्मेदारी है, वाबजूद इसके पूरा स्टेशन परिसर जाम छलकाने वालों के लिए सेफ जोन बना हुआ है और इन मय के शौकीनो पर कोई सिकंजा कसता नजर नहीं आ रहा है।

कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति अंर्तराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 15 जनवरी। कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति अंर्तराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट 18 जनवरी से हनुमानगंज के लाल चन्द्रकांत सिंह स्टेडियम में खेला जायेगा।



क्रिकेट के इस महाकुंभ में देश एवं प्रदेश की जानी-मानी टीमें शामिल होंगी जिसमें लखनऊ, प्रयागराज, भोपाल, इंदौर, नोएडा, जयपुर, हैदराबाद, जबलपुर, रीवा, सतना, सीधी, रामपुर बाघेलान के खिला?ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन करेंगे। आपको विदित है कि यह एक ईनमी टूर्नामेंट है जिसमें विजेता टीम को एक लाख रूपये नगद और ट्राफी एवं उपविजेता टीम को पचास हजार रूपये नगद एवं ट्राफी प्रदान की जायेगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन विगत कई वर्षो से हो रहा है जिसका यह 50 वां संस्करण है, जिसमें रामपुर बाघेलान के खेल प्रेमी और आयोजन समिति के सदस्य इसको भव्य रूप देनें की तैयारी कर चुके है। आप सभी खेल प्रेमियों से आग्रह है कि 18 जनवरी दिन रविवार सुबह 10 बजे से लालचन्द्रकांत सिंह स्टेडियम पहुंच कर खिला?ियों का उत्साहवर्धन करें। आयोजन समिति की बैठक में मुख्य रूप से विधायक विक्रम सिंह, अशोक सिंह, विश्वविजय सिंह, पवन गौतम, पुष्पेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सिंह, रामपाल सिंह, कमलेश कचेर, विद्याधर तिवारी, शैलेंद्र निगम ,आशीष सिंह अम्बू, अखिलेश सिंह, अजीत सिंह, प्रदीप सिंह, शिवमोहन सिंह, कुबेर ताम्रकार, गंगा सिंह, सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

महंत प्रेम पुजारी दास जी महाराज के 116वें जन्मोत्सव पर चित्रकूट में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

श्रीकामदगिरि पीठाधीष्वर जगदगुरू स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज ने किया गुरूदेव का पूजन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 15 जनवरी श्री कामदगिरि ट्रस्ट राम मोहल्ला प्रमुख द्वार के गोलोकवासी कामदगिरि पीठाधीश्वर ट्रस्ट के संस्थापक सिंहस्थ भूषण प्रेम पुजारी दास का 116 वां जन्मोत्सव धर्मनगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर रामनाम संकीर्तन और गाजे बाजे के साथ धर्मनगरी के हजारों साधु, संतों एवं शिष्यों ने सामूहिक कामदगिरि की परिक्रमा कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीकामदगिरि पीठाधीष्वर जगदगुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज एवं व्यवस्थापक महंत डा0मदन गोपाल दास महाराज के नेतृत्व में शोभायात्रा एवं व्याख्यानमाला का व्यय आयोजन सतसंग हाल में हुआ।

श्रीकामदगिरि पीठाधीष्वर जगद्गुरू स्वामी रामस्वरूप आचार्य महाराज बुद्धवार को बताया कि सिंहस्थ भूषण महंत प्रेम पुजारी दास के जन्मोत्सव का चित्रकूट में उल्लास है। उनका जन्म 14 जनवरी 1910 को हुआ और वर्ष 1984 में ब्रह्मलीन हो गए थे। उनका आध्यात्मिक जीवन धर्मनगरी चित्रकूट के दीनहीन, निराश्रित लोगों की सेवा करना परमेश्वर की सेवा तुल्य है। इनका पूर्व नाम उमाशंकर मिश्र था जो कि बाद में आश्रम के तत्कालीन महंत पंचम दास ने प्रेम पुजारी दास नाम दिया, क्योंकि उनका प्रेम सभी जीवो के लिए एक समान था। वह पशु और पक्षियों को

भी मनुष्यों के भांति ही प्रेम भाव रखते थे। सभी जीवो के साथ प्रेम भाव रखने के चलते ही उनका नाम प्रेम पुजारी पड़ा। रामानंदी संप्रदाय से जुड़े होने के चलते विरक्त भाव का व्यक्ति ही ट्रस्ट का अधिकारी बन सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में चित्रकूट उपेक्षित था। उन्होंने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना इसी उद्देश्य को लेकर की। गौशाला, पाठशाला, औषधालय, भंडारा आदि संचालित कराया था। महंत डा0 मदन गोपालदास ने बताया कि महंत प्रेम पुजारी दास महाराज की जन्मभूमि बाराबंकी उत्तर प्रदेश है। वर्ष 1952 से 1957 तक वह हैदरगढ़ क्षेत्र से विधायक थे। राजनीतिक जीवन से संन्यास लेकर उन्होंने चित्रकूट को अपनी आध्यात्मिक कर्म स्थली बनाया।

कामदगिरि पीठाधीश्वर अखिल भारतीय निर्मोही अखाड़ा से जुड़ा हुआ है। रामानंदी संप्रदाय का अनुसरण करते हैं। सर्वप्रथम पंजाबी भगवान के महंत ने जन्मोत्सव मनाया था। जिसके पश्चात प्रतिवर्ष उनका जन्म उत्सव मनाया जाने लगा। वर्तमान समय में श्रीकामदगिरि पीठाधीष्वर जगदगुरू स्वामी रामस्वरूप आचार्य की स्वीकृति से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ सुंदर चित्रकूट आदि प्रकल्प शुरू किए गए हैं।

इसके अलावा संस्कृति विद्यालय का भी संचालन षुरू करने के साथ मंदिर के जीर्णोद्धार की दिषा में सार्थक प्रयास किये जा रहे है। इस मौके पर धर्मनगरी के समस्त मठ मंदिरों के साधु, संत समाज, रामानंदी संप्रदाय के समस्त भक्तगण की उपस्थिति रही ।हजारो भक्तो ने भण्डारा में प्रसाद ग्रहण किया ।कार्यक्रम में रामविष्णु दास,ओंकार दास महाराज,बाबा रामदास ब्रम्हचारी, नागा नरसिंह दास,वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रप्रकाष खरे, हरिओम करवरिया, डा0संतोष कुमार मिश्रा आदि सैकड़ो संत मौजूद रहे।

पेयजल स्त्रोतों की हुई सैम्पलिंग , पुरानी पाइप लाइन बदली जाएगी

नगरीय प्रशासन एवं पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमें पहुंची कोठी ,चार जगह के सैंपल एकत्रित किए

नवभारत न्यूज

कोठी 15 जनवरी। नगर वासियों द्वारा कई बार दूषित पानी सप्लाई एवं हैंड पंपों तथा जल स्त्रोतों के पास गंदगी फैली होने की समस्या बताए जाने के बाद कोठी के कई जल स्त्रोतों में दूषित पानी होने की संभावना का समाचार हमारे समाचार पत्र में प्रमुखता से कई बार प्रकाशित किया गया था जिसके बाद अब इसका असर भी देखने को मिला है।

संभाग की नगरीय प्रशासन विभाग की टीम एवं पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण की टीम कोठी नगर परिषद पहुंचकर कोठी के पेयजल स्त्रोतों का सैंपल एकत्रित किया और शुद्ध पेयजल लोगों को मिल सके इसके लिए कार्रवाई सुनिश्चित की । हालांकि पाइपलाइन से होने वाले पानी की सप्लाई का सैंपल जांच किट ना होने की वजह से नहीं लिए गए । सिर्फ चार जगह के सैंपल एकत्रित किए गए जिसमें कोठी के झाली चौराहे पर लगा हैंडपंप मुख्य रूप से शामिल है इसके साथ कोठी के वार्ड क्रमांक 6 के बोरिंग से सप्लाई होने वाले पानी की सैंपलिंग हुई, कोठी के गैबी चौराहा पर स्थित हैंड पंप एवं दीन सहायक संस्था के पास के बोरिंग के पानी की सैंपलिंग एकत्रित की गई । शेष पाइपलाइन सप्लाई की सैंपलिंग के लिए किट मंगवाई गई है और जहां-जहां पुरानी पाइपलाइन लगी हुई है सभी जगह की सैंपलिंग कर पानी की जांच की जाएगी और सभी उपभोक्ताओं को शुद्ध पेयजल दिए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी नगर में जहां भी पुरानी पाइपलाइन से पानी सप्लाई जारी है सभी जगह के लीकेज चेक कर युद्ध स्तर से ठीक करने का कार्य किया जाएगा और पुरानी खराब पाइपलाइन को बदलकर नई पाइपलाइन डाली जाएगी इस दौरान जेडी विभाग के इंजीनियर प्रभात पाठक व उनकी टीम सहित पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण की टीम के साथ-साथ नगर परिषद कोठी के सीएमओ संजय सिंह एवं जलकर विभाग के प्रभारी अंकुर दीक्षित सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सुहौला बूथ की बैठक में एस आई आर की प्रक्रिया करवाई गई

नवभारत न्यूज

अमदरा 15 जनवरी। भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने के निर्देशानुसार शक्ति केंद्र प्रभारी संजय राय, सह प्रभारी रमाकांत दुबे की उपस्थित में तथा मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे के मार्गदर्शन में गुरुवार को अमदरा मंडल के शक्ति केंद्र अमदरा ग्राम बूथ सुहौला में बैठक कर एस आई आर से 6,7,8 फार्म भरा गया साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ साथ अन्य विषयों में चर्चा की गई। इस अवसर पर सह प्रभारी रमाकांत दुबे मंडल महामंत्री मदन कोल जागेश्वर पटेल उपाध्यक्ष शिवम् साहू मंत्री जितेंद्र शर्मा बूथ अध्यक्ष गणेश तिवारी संतोष चौधरी अमित पांडे लालू चौधरी गजाधर कोल किशोरी लाल रजक राममिलन साहू राजेश कोल सनत कुमार तिवारी विजय तिवारी प्रशांत तिवारी राजकुमार सेन राजा भैया राजीव पांडे मांगू कोल लक्ष्मी तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर में

मंदिरों में मकर संक्रांति पर खिचड़ी प्रसाद का हुआ वितरण

कोठी । मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कोठी के बस स्टैंड परिसर पर स्थित हनुमान मंदिर एवं नरसिंह भगवान मंदिर प्रांगण में खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर समिति एवं भक्तों इस आयोजन हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। खुशियों के इस त्यौहार में सभी की खुशहाली सुख समृद्धि एवं सभी की जीवन की डोर प्रेम पूर्वक सदैव चलती रहे इस कामना से मकर संक्रांति पर खिचड़ी का वितरण किया गया बस स्टैंड परिसर पर हजारों राहगीर यात्री एवं भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तो वही नरसिंह मंदिर में भी मोहल्ले सहित आसपास के काफी संख्या में क्षेत्रीय भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा आज

कोटर । मकर संक्रांति के पावन पर्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटर थाना परिसर में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया है। आयोजक अशोक तिवारी ने बताया रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति में पुरानी लंका पीठाधीश्वर रोहिणी प्रपन्नाचार्य जी एवं संत महात्माओं का आगमन होगा और दिनांक 16/1/2026 शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा एवं पूरा स्टाफ भक्ति में लीन नजर आया एवं सभी भक्तों से भंडारे के प्रसाद को ग्रहण करने का अनुरोध किया गया।

गौ सेवक गोपाल शरण त्रिपाठी का निधन

कोठी। मौहार गांव निवासी रिटायर्ड सैनिक प्रमोद त्रिपाठी के पिता श्री गोपाल शरण त्रिपाठी का 90 वर्ष की उम्र में पिछले निधन हो गया। स्व. त्रिपाठी एक सामाजिक व्यक्ति थे 90 वर्ष की उम्र होने के बाद भी वह कभी भी समाज सेवा के काम में पीछे नहीं हटे। गोवंश एवं पशुओं की सेवा करने के लिए वह क्षेत्र में जाने जाते थे और दूर-दूर तक लोग उन्हें पशुओं से संबंधी बीमारियों की समस्या के निदान के लिए बुलाते थे वह निशुल्क पशु सेवा करते थे क्षेत्र में उनकी यही पहचान रही है पिछले महीने वह अचानक घर में ही गिर गए थे जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आ गई थी उनका उपचार चल रहा था बढ़ती ठंड में हार्ट में परेशानी आने की वजह से उनका निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र वासियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए । शोक संवेदना व्यक्त की है कहां कि वह सदैव पशुओं की सेवा करने में अग्रणी थे उनका ना रह जाना एक क्षेत्र की अपूर्णनीय छति है जयवीर सिंह लखन जी, रणबहादुर सिंह, अनिल सिंह ,संजय सिंह ,बृजेश गर्ग सोनू ,उमेश सिंह,पुष्पेंद्र सिंह,दिवाकर सिंह,संजीव सिंह पिंकू, रज्जे सिंह, सहित ग्राम वासियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रभु से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दे और घर परिवार वालों को यह गहरा दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

बीईओ श्री द्विवेदी के एडीपीसी बनने पर दी गई समारोह पूर्वक विदाई

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 15 जनवरी। दिनांक 6-1-2026 को सुधान्य द्विवेदी सहायक संचालक एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर बाघेलान को ADPC जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सतना में ADPC बनाए जाने पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री अविशा अग्रवाल सहायक संचालक, सोहावल रहा, प्राचार्य श्री दशरथ प्रसाद साकेत, पी एम श्री प्रभारी विजयकुमार वर्मा, उमेश मिश्रा, मृगेन्द्र द्विवेदी, छोटेलाल साकेत, श्री चौधरी, मानव शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, रामबली सिंह, श्रीमती नेहा सिंह, श्रीमती सविता सिंह, बाल्मीक तिवारी, राजाराम वर्मा, श्रीमती कल्पना निगम, श्रीमती आत्मा निगम, श्रीमती अनीता निगम, श्रीमती प्रतिमा पाण्डेय, अभिलाष सिंह, सुधीर निगम, ललित मोहन त्रिपाठी, बीईओ कार्यालय से संतोष शर्मा, परागवां कोल, गरुण सोंधिया, राजाराम प्रजापति, अरूण वर्षा वर्मा रहे। माल्यर्पण विद्यालय परिवार की ओर से शाल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया, साथ ही राज्य अध्यापक संघ ईकाई रामपुर बाखेलाल द्वारा सम्मानित किया गया ।

श्री कृष्ण भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रोता

नवभारत न्यूज

सतना 15 जनवरी। रैगांव विधान सभा के ग्राम पंचायत पवैया में राम जी गौतम की पत्नी स्वर्गीय तारा देवी गौतम के वार्षिक पुण्य तिथि में आयोजित श्रीमद भगवत महापुराण कथा के चर्तुथ दिवस पर श्रद्धा भक्ति और आध्यात्मिकता का महा संगम देखने को मिला जिसमें समूचे अंचल को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

पंडाल में जैसे भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं माखन चोरी, कालिया मर्दन और गोवर्धन पर्वत धारण का प्रसंग व्यास पीठ से कथा वाचक राघवेंद्र त्रिपाठी अयोध्या के मुख से प्रवाहित हुई हजारों श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस अवसर पर नगरीय एवं आवास विभाग मध्यप्रदेश शासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी , भरजुना मंडल अध्यक्ष आकांक्षा विष्णु सिंह , उपाध्यक्ष सूरज गौतम, लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी, श्री निवास त्रिपाठी, भूपेंद्र सिंह कोठी मंडल उपाध्यक्ष, रमेश प्रसाद पांडेय, अंकित सिंह नैना, देवी दीन पाण्डेय, शिक्षक नरेंद्र सिंह बिसेन , शिव प्रसाद पांडेय, राजकुमार पांडे और सभी भक्त मौजूद रहे।

सुपर चैलेंच कप बरेठी 2026 क्रिकेट ग्राउंड में प्रारंभ

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 15 जनवरी। सुपर चैलेंज कप बरेठी 2026 क्रिकेट ग्राउंड में आज पहला मैच न.19 खैरी बनाम चौरा के बीच खेला गया जिसमें चौरा टीम ने टॉस जीत कर निर्धारित 10 ओवरों में 63 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए खैरी टीम 58 रन ही बना सकी।

इस मैच के हीरो रहे रजनीश जिन्होंने शानदार 3 विकेट और 10 रन बनाए वही दूसरा मैच न.19 चौरा बनाम बरेठी के बीच खेला गया जिसमें चौरा टीम ने टॉस जीत कर फिल्डिंग किया बरेठी टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 93 रन बने बरेठी टीम 10 रनों से विजेता बनी इस मैच के हीरो रहे नरेंद्र जिन्होंने शानदार 3 और 20 रन बनाए वही तीसरा मैच राजापुर बनाम मछली मंडी के बीच खेला गया राजापुर में टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय के लिए मछली

मंडी ने निर्धारित 15 ओवरों में 93 रन बना सके लक्ष्य का पीछा करते हुए राजापुर न 6 ओवरों में विजय प्राप्त कर ली इस मैच के हीरो रहे विशम्भर यादव जिन्होंने शानदार 2 विकेट और 30 रन बनाए वही चौथा मैच राजापुर बनाम भद्देदू के बीच खेला गया इस मैच में राजपुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों पर 50 रन बनाकर ऑल आउट हो गई लक्ष्य पीछा करते हुए 8 ओवरों में ही भद्देदु टीम ने विजय प्राप्त कर ली इस मैच के हीरो रहे प्रताप सिंह जिन्होंने शानदार 5 विकेट और 30 रन बनाए।

इस मौके पर गांव के सम्मानित ग्रामवासी श्रीरामसजीव यादव राजेश कुमार यादव फूलचंद निषाद राकेश राजपूत त्रिवेणी प्रसाद यादव प्रधानाचार्य पंचदीप राजपूत अनुज यादव राहुल सिंह सुनील सिंह विशम्भर यादव वैभव सिंह यादव और भी क्षेत्र वासी दूर दराज से आए दर्शक उपस्थित रहे आयोजक अभिनन्दन यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया